ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिहार कृषि विश्वविद्यालय
सबौर, बिहार

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 19-03-2024

भोजपुर(बिहार) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-03-19 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-03-20	2024-03-21	2024-03-22	2024-03-23	2024-03-24
वर्षा (मिमी)	15.0	15.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	28.0	28.0	30.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	18.0	15.0	16.0	17.0	17.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	85	85	80	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	40	40	40	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	8	8	7	7
पवन दिशा (डिग्री)	140	130	140	110	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	8	3	3	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

•भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बिहार के अधिकांश दक्षिणी जिलों में 20-21 मार्च के दौरान एक या दो स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 20-21 मार्च के दौरान कुछ जिलों जैसे -जमुई, नवादा, पटना, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है एवं उसके बाद मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। • 20 मार्च तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन नही होने का अनुमान हैं। तत्पश्चात 21-24 मार्च की अवधि में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की कमी होने की उम्मीद है। • अधिकतम तापमान 26-31 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 15-19 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है । • सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है। • पूर्वानुमान की अवधि में 07-10 किमी/घंटा की रप्तार से पुरबा एवं दक्षिण पुरबा हवा चल सकती है । • 20 मार्च तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन नही होने का अनुमान हैं। तत्पश्चात 21-24 मार्च की अवधि में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की कमी होने की उम्मीद है। • अधिकतम तापमान 26-31 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 15-19 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है । • सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है। • पूर्वानुमान की अवधि में 07-10 किमी/घंटा की रप्तार से पुरबा एवं दक्षिण पुरबा हवा चल सकती है ।

सामान्य सलाहकार:

पूर्वानुमान की अवधि में वर्षा की संभावना को देखते हुए खड़ी फसलों में सिंचाई स्थगित करें। कीटनाशक दवा एवं खाद का छिडकाव मौसम साफ रहने पर हीं करें।

लघु संदेश सलाहकार:

खुदाई की गई आलू के कंद एवं कटाई की गई सरसों फसल के हेतु भण्डारण की समुचित व्यवस्था करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	पूर्वानुमान की अवधि में वर्षा की संभावना को देखते हुए गरमा मूंग तथा उरद की बुआई 23 मार्च के बाद करें। बुआई के पूर्व 20 किलो ग्राम नेत्रजन, 45 किलो ग्राम स्फूर, 20 किलो ग्राम पोटाश तथा 20 किलो ग्राम गंधक प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। मूंग के लिए पूसा विशाल, सम ्राट, एस0एम0एल0- 668, एच0यू0एम0-16 एवं सोना तथा उरद के लिए पंत उरद-19, पंत उरद-31, नवीन एवं उत्तरा किस्में बुआई के लिए अनुशंसित हैं। बुआई के दो दिन पूर्व बीज को कार्बेन्डाजीम 2.5 ग्राम प्रति किलो ग्राम की दर से शोधित करें। बुआई के ठीक पहले शोधित बीज को उचित राईजोबियम कल्चर से उपचारित कर बुआई करें। बीज दर छोटे दानों के प्रभेदों हेतु 20-25 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर तथा बड़े दानों के प्रभेदों हेतु 30-35 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर रखें। बुआई की दूरी 30X10 से0मी0 रखें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	बैगन की फसल में तना एवं फल छेदक कीट की निगरानी करें। इसके पिल्लू फल में घुसकर अन्दर से खाकर पूरी तरह फल को नष्ट कर देते हैं, जिससे प्रभावित फलों की बढ़वार रुक जाती है और वे खाने लायक नहीं रहते, आगे चलकर पूरी फसल बरबाद हो जाती है। कीट का प्रकोप दिखाई देने पर सर्वप्रथम कीट से क्षतिग्रस्त तना एवं फलों की तुराई कर नष्ट कर दें एवं उसके बाद स्पीनेसेड 48 ई0सी0/1 मि0ली0 प्रति 4 लीटर पानी की दर से या क्वीनालफॉस 1.5 मि0ली0 प्रति लीटर पानी की दर से घोलकर आसमान साफ रहने पर छिड़काव करें।
आम	इन दिनों आम के बगीचों में फूल पूरी तरह आ चुका है। आम में मंजर वाली अवस्था से फल के मटर के दाने के बराबर होने की अवस्था के मध्य किसी प्रकार का कोई भी कृषि रसायण का प्रयोग नही करे। विकृत दिखने वाले मंजर को तोडकर बाग से बाहर ले जाकर जला दें अथवा जमीन में गाड़ दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	जनवरी में कृत्रिम गर्भाधान किये गये पशुओं की मार्च माह में (50 दिन पूरे होने पर) गर्भावस्था की जाँच करा लेनी चाहिए।